दिल्ली परिवहन निगम को घाटा

1711. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **जल-भूतल परिवहन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) गत तीन वर्षों के दौरान, दिल्ली परिवहन निगम का वर्षवार आय-व्यय का ब्यौरा क्या ;

(ख) इस समय, दिल्ली परिवहन निगम का कुल घाटा कितना है ; और

(ग) इस घाटे की पूर्ति करने के लिए बनाई गई योजनाओं का ब्यौरा क्या है ?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर) : (क) आय तथा व्यय का ब्यौरा नीचे दिया गया है—

(लाख रु०)

वर्ष	आय	कार्यात्मक खर्च
1988–89	11046.04	16266.10
1989–90	12733.41	18420.04
1990–91	12272.96	23595.59

(ख) 31–3–1991 की स्थिति के अनुसार दिल्ली परिवहन निगम का कुल संचित घाटा 64551.10 लाख रु० (अनन्तिम) है ।

(ग) दिल्ली परिवहन निगम की उत्पादकता बढ़ाने और प्रचालन लागत कम करने, बचत के उपाय लागू करने, राजस्व वसूली बढ़ाने तथा कार्यात्मक हानियों को कम करने की दृष्टि से क्षरण (लीकेज) को रोकने के लिए सरकार निगम के कार्य निष्पादन पर लगातार नजर रखे हुए है । दिल्ली परिवहन निगम द्वारा अपने कार्य निष्पादन में सुधार लाने के लिये रूटों को भी युक्तिसंगत बनाया जाता है ।

प्रशासनिक खर्चों को न्यूनतम स्तर तक लाने के लिये दिल्ली परिवहन निगम ने यह निर्णय लिया है कि अनुसुचित जातियों/अनुसुचित जन जातियों के लिए आरक्षित बकाया रिक्तियों को भरने तथा दिवंगत कर्मचारियों के निकटस्थ संबंधियों की अनुकंपा के आधार पर नियुक्तियों को छोड़कर और सभी भर्तियां बन्द कर दी जाएं । सरकार ने दिल्ली परिवहन निगम को उनके डिपुओं में उपलब्ध भूमि के वाणिज्यिक उपयोग की एक योजना की भी सिफारिश की है ।

Engaging National Highway Authority for construction and maintenance of National Highways

1712. SHRI RAMDAS AGARWAL: Will the Minister of SURFACE TRANSPORT be pleased to state:

(a) what was the expenditure incurred by the Central Government for construction and maintenance of the National Highways in the country during the last three years, State-wise; and

(b) whether Government would ask the National Highway Authority of India to deal with research, technical advice and fromulation of National policies and inter-linkings related with the National Highway System in addition to securing institutional finances for the National Highway system in the country; and

(c) if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF SURFACE TRANSPORT (SHRI JAGDISH TYTLER): (a) A statement indicating State-wise expenditure during last three years for the development, maintenance and repairs of National Highways is enclosed. (*See* below).

(b) Yes, Sir. This would be done as necessary, except for formulation of policies relating to highway development.

(c) Does not arise.